GST NO. 07AAACE1747M1ZJ CIN U20299DL1986 NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

**Tel**: 91-11-26135256 **Email:** press@epch.com

**Fax**: 91-11-26135518,26135519 **web:** www.epch.in

IHGF DELHI FAIR
28-31 OCTOBER 2021
AUTUMN
52ND EDITION
India Expo Center & Mart, Greater Noida- NCR (India)

# PRESS RELEASE

## SHRI RAMDAS ATHAWALE, HON'BLE UNION MINISTER OF STATE FOR SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT, GOVT. OF INDIA INAUGURATES 52ND EDITION OF IHGF DELHI FAIR-AUTUMN 2021

## COMMENDS EPCH AND INDUSTRY ON RESILIENCE, BOUNCING BACK WITH PHYSICAL SHOW

## 1500+ EXHIBITORS, PRE-REGISTERED BUYERS FROM 90+ NATIONS, THEME PRESENTATIONS, REGIONAL CRAFTS, SEMINARS AND CRAFT DEMONSTRATIONS DEFINE 4 DAYS SHOW

**Greater Noida – 28th OCTOBER 2021** - The 52nd edition of IHGF-DELHI FAIR – AUTUMN 2021 being held from 28th to 31st October 2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida Expressway , was inaugurated today by Shri Ramdas Athawale, Hon'ble Union Minister of State for Social Justice & Empowerment, Govt. of India in the presence of Mr. U P Singh , IAS, Secretary, Ministry of Textiles; Mr. Shantmanu, IAS, Development Commissioner (Handicrafts); Mr. Raj K Malhotra, Chairman, EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH; Members of Committee of Administration, EPCH; Mr. Vishal Dhingra, Chairman, Buying Agents Association of India (BAA); renowned film star, Mr. Gagan Malik; and Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH.  Many overseas buyers visited with many registering in early hours of the fair.

While addressing the gathering, Shri Ramdas Athawale, Hon'ble Union Minister of State for Social Justice & Empowerment, Govt. of India, expressed his happiness and surprise to see the first physical fair after the pandemic and appreciated the efforts of EPCH. Shri Athawale was happy to note participation of several artisan clusters, the results of which would go a long way in empowering those striving at the grassroots level. He assured of his ministries support towards EPCH's future endeavours in empowering artisans and crafts persons across varies segments of the sector. Such shows are instrumental in nurturing their potential, he emphasised.  Commending EPCH on the multi- dimensional and wholesome representation of the entire industry, Shri Athawale hoped to see the fair grow in all aspects in future.  After 3 virtual editions, as buyers and sellers come face to face after a gap of two years, for the 52nd IHGF Delhi Fair, the Hon'ble Minister wished fruitful business and strong ties for all.

Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

Speaking at the inauguration ceremony of the fair, Mr. U P Singh, Secretary Textiles, Ministry of Textiles said that it is commendable that even during the pandemic when all physical activities were on hold, EPCH was the first Council to organize its fairs on virtual platform and now when things are getting back to normal, the 52nd edition of IHGF Delhi Fair resumes its physical mode. He applauded the segment in contributing to an exemplary export growth of 60% during the 1st six months of 2021-22 despite difficulties & challenges faced by the exporters during the two years of the pandemic. Now that the situation looks hopeful things could get better and more fruitful here on. He added, since the business of handicrafts and gifts entails touch and feel factor, he is hopeful that the resumption of physical fairs would result in increase in the number of orders booked and business generated, thereby creating new jobs and opportunities for exporters, entrepreneurs and artisans.

Shri Piyush Goyal, Hon'ble Union Minister of Commerce & Industry in his message said, at a time when the world's largest vaccination programme is in full swing, it is heartening to see the physical exhibition taking place, providing an opportunity for exhibitors & buyers to meet in person for transacting business. He hoped that this event will pave way for bigger and better editions of the fair in the near future, and in the process, promote greater exports of handicrafts from India.

Commenting on the fair, Mr. Shantmanu, Development Commissioner (Handicrafts) appreciated the inclusion of several regional artisanal products from J&K, Rajasthan, Southern and North Eastern Regions, in Theme and Collective Presentations at the show, especially those made from eco-friendly and natural materials. He hoped that the display of these items would certainly create awareness and demand of these products amongst the visitors.

Mr. Raj Kumar Malhotra, Chairman, EPCH, welcomed all to the 52nd edition of IHGF Delhi Fair and mentioned that it has been proved once again by the Council that with sheer hard work and dedication one can always overcome difficult times and convert challenges into opportunities by preparing for better times. "This edition of the IHGF Fair facilitates in-person interactions and provides a viable marketing option to the exhibitors and buyers. With an extensive publicity campaign undertaken by EPCH, a large number of overseas buyers, wholesalers and retailers have already registered to visit the show," he added.

Reflecting on the optimistic sentiment of the handicrafts industry, Dr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH, said, "Post initial desperation during the pandemic, our members went into strategic and creative use of resources to develop new products and adopt lean manufacturing ideas. With their preparedness, India is steadily gearing to be the preferred supplier in home, lifestyle, fashion, textiles and furniture products." He further informed about Theme Pavilions depicting crafts from North Eastern Region, Jammu & Kashmir, Rajasthan and Southern Region with a plethora of vibrant lines that will be among attractions for the visiting overseas buying community.



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India’s image abroad as a reliable supplier of high quality handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the Six months of current financial year from April to September, 2021-22 is Rs. 15995.73 Crores registering a growth of over 60.34% over the same period in last year.

---

**For more information, please contact :**

DR. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL– EPCH - +91-9818272171



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

# प्रेस विज्ञप्ति

## भारत सरकार में सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता केंद्रीय राज्य मंत्री मा. श्री रामदास अठावले ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले- ऑटम 2021 के 52वें संस्करण का उद्घाटन किया

## महामारी की चुनौती के बाद भौतिक आयोजन और कभी हार ना मानने के जज्बे के लिए ईपीसीएच और हस्तशिल्प उद्योग की प्रशंसा की

## 1500 से ज्यादा प्रदर्शक प्रतिभागी, 90 से ज्यादा देशों के पंजीकृत क्रेता, थीम प्रस्तुतीकरण , क्षेत्रीय कलाएं, सेमिनार और कला प्रदर्शन 4 दिन के आयोजन का प्रमुख आकर्षण

**ग्रेटर नोयडा- 28 अक्टूबर 2021-** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में 28 से 31 अक्टूबर 2021 तक आईएचजीएफ- दिल्ली मेले- ऑटम 2021 के 52 वें संस्करण का उद्घाटन आज श्री रामदास अठावले, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के सचिव, कपड़ा मंत्रालय श्री यू पी सिंह, आईएएस, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और भारत सरकार में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्री शांतमनु ; श्री राज के मल्होत्रा, अध्यक्ष,हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच), डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच; प्रशासन समिति, ईपीसीएच के सदस्य निर्यातक; श्री विशाल ढींगरा, चेयरमैन, बायिंग एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएए); प्रसिद्ध फिल्म स्टार, श्री गगन मलिक; और श्री आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच भी उपस्थित रहे। मेले की शुरुआत होने के चंद शुरुआती घंटों में ही कई विदेशी खरीदारों ने दौरा किया और कई नए पंजीकरण भी हुए।

सभा को संबोधित करते हुए, भारत सरकार में माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता श्री रामदास अठावले ने महामारी के बाद पहला भौतिक मेला देखकर प्रसन्नता और आश्चर्य व्यक्त किया और ईपीसीएच के प्रयासों की सराहना की। श्री अठावले ने कई कारीगर क्लस्टरों की भागीदारी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की, और आशा व्यक्त की कि इसके परिणाम जमीनी स्तर पर प्रयास करने वालों को सशक्त बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों में कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने में ईपीसीएच के भविष्य के प्रयासों के लिए अपने मंत्रालयों के समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के शो हस्तशिल्पियों की क्षमता के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरे उद्योग के बहुआयामी और स्वस्थ प्रतिनिधित्व पर ईपीसीएच की सराहना करते हुए, श्री अठावले ने भविष्य में मेले के सभी पहलुओं में वृद्धि की आशा व्यक्त की। माननीय मंत्री ने 3 वर्चुअल संस्करणों के बाद भौतिक रूप से आयोजित 52 वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले में, खरीदार और विक्रेता के दो साल के अंतराल के बाद आमने-सामने आने पर, इस आयोजन के जरिए सभी के लिए फलदायी व्यापार और मजबूत संबंधों की कामना की।

मेले के उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में, कपड़ा मंत्रालय के सचिव श्री यूपी सिंह ने कहा कि यह सराहनीय है कि महामारी के दौरान भी जब सभी भौतिक गतिविधियां ठप थीं, ईपीसीएच वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर अपने मेलों का आयोजन करने वाली पहली परिषद थी। और अब जब चीजें वापस सामान्य हो रही हैं, आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 52वां संस्करण फिर से शुरू हो गया है। उन्होंने महामारी के दो वर्षों के दौरान निर्यातकों के द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों के बावजूद 2021-22 के पहले छह महीनों के दौरान 60 प्रतिशत की अनुकरणीय निर्यात वृद्धि में योगदान देने के लिए हस्तशिल्प सेक्टर की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब जब स्थितियां उम्मीद जगा रही हैं तो अब चीजें बेहतर और अधिक फलदायी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, चूंकि हस्तशिल्प और उपहारों के व्यवसाय में स्पर्श और अनुभव बहुत बड़ा कारक होता है ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि


Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

भौतिक मेलों के फिर से शुरू होने से बुक किए गए ऑर्डर की संख्या में वृद्धि होगी और व्यवसाय में वृद्धि होगी, जिससे निर्यातकों, उद्यमियों और कारीगरों के लिए नए रोजगार के और अवसर पैदा होंगे।

माननीय केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, ने अपने संदेश में कहा, ऐसे समय में जब दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम पूरे जोरों पर है, यह देखकर खुशी हो रही है कि प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रदर्शकों और खरीदारों के लिए व्यापार करने और व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए एक अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन निकट भविष्य में मेले के बड़े और बेहतर संस्करणों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा और इस प्रक्रिया में भारत से हस्तशिल्प के निर्यात को अधिक बढ़ावा मिल सकेगा।

मेले के आयोजन पर अपने संबोधन में , विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्री शांतमनु ने शो की थीम और सामूहिक प्रस्तुतियों में जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, दक्षिणी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के कई क्षेत्रीय कारीगर उत्पादों को शामिल करने की सराहना की, उन्होंने इन प्रस्तुतियों में विशेष रूप से पर्यावरण के अनुकूल और प्राकृतिक सामग्री को शामिल किए जाने पर खूब सराहा । उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन वस्तुओं के प्रदर्शन से निश्चित रूप से आगंतुकों के बीच इन उत्पादों के प्रति जागरूकता और मांग दोनों ही उत्पन्न होगी।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले के 52वें संस्करण में सभी का स्वागत किया और कहा कि परिषद ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ कोई भी व्यक्ति या संगठन दिए गए समय की बेहतर तैयारी करके हमेशा कठिन समय को पार कर सकता है और चुनौतियों को अवसरों में बदल सकता है। उन्होंने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा "आईएचजीएफ मेले का यह संस्करण व्यक्तिगत और वास्तविक संवाद की सुविधा प्रदान करता है और प्रदर्शकों और खरीदारों को एक व्यवहारिक मार्केटिंग विकल्प भी प्रदान करता है। ईपीसीएच द्वारा किए गए व्यापक प्रचार अभियान के कारण बड़ी संख्या में विदेशी खरीदार, थोक व्यापारी और खुदरा विक्रेता पहले ही शो में आने के लिए पंजीकरण करा चुके हैं।,"

हस्तशिल्प उद्योग की आशावादी भावना पर विचार करते हुए, ईपीसीएच के महानिदेशक, डॉ राकेश कुमार ने कहा, "महामारी के दौरान प्रारंभिक हताशा के बाद, हमारे सदस्य नए उत्पादों को विकसित करने और सस्ते मैन्यूफैक्चरिंग विचारों को अपनाया और संसाधनों के रणनीतिक और रचनात्मक उपयोग करना शुरु कर दिया। उनकी इन तैयारियों और रणनीति का असर हैकि , भारत होम, जीवन शैली, फैशन, टेक्सटाइल और फर्नीचर उत्पादों में पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बनने के की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।" उन्होंने अपने संबोधन में उत्तर पूर्वी क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और दक्षिणी क्षेत्र के शिल्प की जीवंतता को चित्रित करने वाले थीम मंडपों के बारे में भी बताया जो विदेशी खरीददार समुदाय के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) देश से दुनिया के विभिन्न स्थानों पर हस्तशिल्प के निर्यात प्रोत्साहन की नोडल एजेंसी है। इसके साथ ही ईपीसीएच दुनिया भर में क्वालिटी हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के भरोसेमंद प्रदाता के तौर पर भारत की छवि निमार्ण करने का काम करती है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 15995.73 करोड़ रुपये का हुआ है जिसमें बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 60.34% की वृद्धि दर्ज की गई है।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच - +91-9818272171



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.




Shri Ramdas Athawale, Union minister of State for Social Justice & Empowerment, Govt. of India lighting lamp during inauguration ceremony of IHGF Delhi Fair Autumn 2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida also seen L-R Shri Shantmanu, IAS, Development Commissioner (Handicrafts) Ministry of Textiles, Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman EPCH, , Shri U.P Singh, I.A.S, Secretary (Textiles), Govt. of India, Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH

Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.




L-R Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH, Shri Shantmanu, IAS, Development Commissioner (Handicrafts) Ministry of Textiles, Shri U.P Singh, I.A.S, Secretary (Textiles), Govt. of India, Shri Ramdas Athawale, Union minister of State for Social Justice & Empowerment, GOI, Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman EPCH, Shri R.K. Verma, Executive Director-EPCH during inauguration ceremony of IHGF Delhi Fair Autumn 2021 held at India Expo Centre & Mart, Greater Noida




Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

L-R Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH, Shri U.P Singh, I.A.S, Secretary (Textiles), Govt. of India, Shri Ramdas Athawale, Union Minister of State for Social Justice & Empowerment, Govt. of India, Shri Vishal Dhingra, BAA, Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman EPCH releasing Fair Directory during inauguration ceremony of 52nd IHGF Delhi Fair Autumn 2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida




Shri Ramdas Athawale, Union Minister of State for Social Justice & Empowerment, Govt. of India, Shri U.P Singh, I.A.S, Secretary Ministry of (Textiles), Shri Shantmanu, IAS, Development Commissioner (Handicrafts), Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH along with Members of Committee of Administration-EPCH during inauguration ceremony of 52nd IHGF Delhi Fair Autumn 2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.